आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 गुरूवार 22.01.2026

मुख्य समाचारः—

1— बलौदाबाजार—भाटापारा जिले में एक स्पंज आयरन प्लांट में हुई दुर्घटना में छह मजदूरों की मौत।

2— झारखंड में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पंद्रह माओवादी मारे गए।

3— प्रदेश कांग्रेस ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समयावधि एक महीने बढ़ाने की मांग की।

4— कल से नवा रायपुर में शुरू होगा साहित्य उत्सव—राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे शुभारंभ।

इस्पात संयंत्र हादसा—मौत

बलौदाबाजार—भाटापारा जिले में एक स्पंज आयरन प्लांट में हुई दुर्घटना में छह मजदूरों की मौत हो गई है। यह हादसा आज सुबह उस समय हुआ, जब प्लांट में स्थित डस्ट सेटलिंग चैंबर में विस्फोट हो गया। इस हादसे में पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं, जिन्हें बिलासपुर स्थित बर्न ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

सूचना मिलते ही कलेक्टर दीपक सोनी और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने बताया कि हादसा उस समय हुआ, जब संयंत्र के इस चैंबर से गर्म राख नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर दुख जताते हुए श्रमिकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिजनों को राज्य सरकार द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए साथ ही हादसे के कारणों की जांच सुनिश्चित करने को भी कहा है, ताकि भविष्य में इस तरह घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

माओवादी मुठभेड़

झारखंड में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में पंद्रह माओवादी मारे गए हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक साकेत सिंह ने बताया कि घटनास्थल से माओवादियों के शव के अलावा ऑटोमेटिक हथियार और माओवादी सामग्री बरामद की गई है। यह मुठभेड़ पश्चिम सिंहभूम जिले में हुई है। इस मुठभेड़ में माओवादी संगठन की केंद्रीय कमेटी का सदस्य पतिराम उर्फ अनल भी मारा गया है। मारे गए माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मौके पर कोबरा और सीआरपीएफ के जवान मौजूद हैं और इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है।

एसआईआर–दावा आपत्ति

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावा–आपत्ति करने का आज अंतिम दिन है। इसके बाद मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करने और विलोपन के लिए प्राप्त दावा–आपत्तियों पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ या एईआरओ द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुरूप चौदह फरवरी तक सुनवाई और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सुनवाई और सत्यापन के दौरान दावा–आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन इक्कीस फरवरी को किया जाएगा।

दुर्घटना

कांकेर जिले के चारामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतेसरा के पास आज सुबह दो ट्रकों के बीच हुई भिडंत में तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में ट्रक चालक और परिचालक शामिल हैं। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रकों को हटाया गया।

वहीं, सूरजपुर जिले में मसनकी घाट के पास एक यात्री बस में आग लग गई। बस से धुआं निकलता देख चालक ने तुरंत बस रोकी। इसके बाद यात्रियों ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई। बस में चालीस से अधिक यात्री सवार थे।

कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

कांग्रेस ने प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समयावधि एक महीने बढ़ाने की मांग की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि धान खरीदी के लिए अंतिम तिथि इकतीस जनवरी है और अब केवल पांच दिन ही बचे हैं। जबकि, बड़ी संख्या में किसान अभी धान नहीं बेच पाए हैं। उन्होंने कहा कि धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन भी जारी नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान परेशान हैं।

ऑटो एक्सपो–मुख्यमंत्री

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा राजधानी के श्रीराम बिजनेस पार्क में बीस जनवरी से पांच फरवरी तक ऑटो एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज ऑटो एक्सपो के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष ऑटो एक्सपो का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एक्सपो के पहले ही दिन लगभग दो हजार वाहनों का पंजीयन हो चुका है। इस वर्ष पचास हजार वाहनों की बिक्री का लक्ष्य है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आम लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की भी अपील की।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा ऑटो एक्सपो के दौरान बिकने वाले वाहनों पर लाइफ टाइम रोड टैक्स में पचास प्रतिशत छूट दी जा रही है।

रायपुर साहित्य उत्सव

नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में कल से "रायपुर साहित्य उत्सव" शुरू होगा। पच्चीस जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस महोत्सव में देशभर के जाने–माने साहित्यकार, कवि, कथाकार, विचारक, कलाकार, पत्रकार, रंगकर्मी और साहित्य प्रेमी हिस्सा लेंगे। महोत्सव के दौरान कुल बयालीस सत्र होंगे। इस दौरान साहित्यिक संवाद, विचार–मंथन, समकालीन विषयों पर परिचर्चाएं, कविता पाठ, कथा सत्र, पुस्तक विमोचन,

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कला–प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। कल शाम जाने–माने अभिनेता मनोज जोशी द्वारा चाणक्य नाटक का मंचन भी किया जाएगा।

रोजगार मेला

रायपुर के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के आरंग में स्थित ग्रुप केन्द्र में आगामी चौबीस जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार के विभिन्न विभागों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे।

'मॉडल यूथ ग्राम सभा'

गरियाबंद जिले के कोसमबुड़ा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की टीम ने 'मॉडल यूथ ग्राम सभा' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आगामी अट्ठाईस जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में इस टीम को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में देशभर के आठ सौ से अधिक स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

प्रगति–रेल मंत्रालय

प्रगति योजना के तहत रेल मंत्रालय की परियोजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा की जा रही है। छत्तीसगढ़ में प्रगति के अंतर्गत चार रेल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिनकी कुल लागत चौदह हजार चार सौ बीस करोड़ रुपये है। राज्य से जुड़े तैंतीस मुद्दों में से चौबीस का समाधान किया जा चुका है। प्रगति के माध्यम से भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति और निर्माण संबंधी बाधाओं के त्वरित समाधान से परियोजनाओं के निर्माण में तेजी आई है।

"पश्चिम क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता"

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग द्वारा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय "पश्चिम क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता" का समापन हो गया है। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में नागपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई की टीम को दो–एक से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, पुरुष एकल वर्ग में भी नागपुर के राजू भायसारे ने मुंबई के जीतेन्द्र काले को शिकस्त दी। इसके अलावा महिला वर्ग में मुंबई की ऑड्रे मारिया डिसूजा ने मेजबान छत्तीसगढ़ की कविता विनय को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि, वेटरन संवर्ग में रायपुर के हेमराज बाबने ने राजस्थान के रहीसुद्दीन को पराजित किया। समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

गौरतलब है कि इस कैरम प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र के नौ अलग–अलग कार्यालयों के इकसठ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

मौसम

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि तापमान में वृद्धि होने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिलेगी।

संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल रमेन डेका ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अपने पिता स्वर्गीय सुरेन्द्र डेका की स्मृति में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित कोपलवाणी चाइल्ड वेलफेयर आर्गेनाइजेशन को दो लाख रूपए का अनुदान प्रदान किया है।

– राज्य शासन ने रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार आर. कृष्णा दास को मुख्यमंत्री का मीडिया सलाहकार नियुक्त किया है।

– दुर्ग के अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल को कबीरधाम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है।

– जांजगीर में ग्यारह से तेरह फरवरी तक जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव और एग्रीटेक कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा।

– बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी में बाईस से चौबीस फ़रवरी तक गुरू दर्शन और संत समागम मेले का आयोजन किया जाएगा।

– कोंडागांव जिले में केशकाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत अड़ेंगा नदी से दो महिलाओं के शव बरामद किए गए हैं। दोनों महिलाएं बीते रविवार से लापता थीं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>